Page No.:
Date:

# लोक प्रशासन :→

## Public Administration

लोक प्रशासन :→ 'लोक प्रशासन' प्रशासन की एक अधिक व्यापक अवधारणा का ही एक पहलू है। इसलिए लोक प्रशासन का अर्थ समझने से पहले यह आवश्यक है कि हम 'प्रशासन' शब्द का अर्थ समझें। अंग्रेजी शब्द 'administer' (प्रशासन करना) दो लातिन शब्दों ad और minister के मेल से निकलता है जिसका अर्थ है - 'सेवा करना' या 'प्रतिबंध करना'। "प्रशासन" का शाब्दिक अर्थ है - सार्वजनिक या निजी मामलों का प्रबंधन।

'लोक प्रशासन' प्रशासन के एक अधिक व्यापक क्षेत्र का एक पहलू है। यह राजनीतिक निर्णय निर्माताओं द्वारा निर्धारित लक्ष्यों या उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक राजनीतिक व्यवस्था में मौजूद होता है। इसे सरकारी प्रशासन के भी नाम से जाना जाता है क्योंकि 'लोक प्रशासन' में लगे विशेषण 'लोक' का अर्थ 'सरकार' होता है। इस प्रकार लोक प्रशासन का ध्यान लोक नौकरशाही पर अर्थात् सरकार के नौकरशाही संगठन (या प्रशासनिक संगठन) पर केन्द्रित होता है। लोक प्रशासन की निम्नलिखित परिभाषाएँ हैं:

① वुडरो विल्सन :→ "लोक प्रशासन का काम कानून को सविस्तार व्यवस्थित रूप से लागू करना है। कानून लागू करने प्रत्येक कार्यवाही प्रशासन की ही एक गतिविधि है। वे आगे कहते हैं कि

प्रशासन सरकार का सर्वाधिक स्पष्ट अंग है। यह कार्यकारी सरकारी है, यह सरकार का सर्वाधिक दृष्टव्य कार्यकारी व कार्य चालन पक्ष है।"

(2) साइमन :→ "आमतौर पर लोक प्रशासन का अर्थ है- राष्ट्रीय, प्रांतीय, और स्थानीय सरकारों की कार्यकारी शाखाओं की गतिविधियाँ।"

(3) एल डी व्हाइट :→ "लोक प्रशासन में वे सभी गतिविधियाँ शामिल हैं जिनका उद्देश्य लोक नीति की पूर्ति करना या उसे लागू करना है।"

(4) जे. ग्रीनवुड और डी. विल्सन :→ "लोक प्रशासन एक गतिविधि है, यह संस्थाओं का एक समुच्चय है, और अध्ययन का एक विषय है।"

(5) ई. एन. ग्लैडेन :→ "लोक प्रशासन का सरोकार सरकार के प्रशासन से है।"

प्रशासन और लोक प्रशासन में अंतर :-

| | प्रशासन | | लोक प्रशासन |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रशासन एक सामान्य शब्द है परन्तु इसका परिप्रेक्ष्य व्यापक है। | (1) | लोक प्रशासन का परिप्रेक्ष्य संकुचित है क्योंकि यह सार्वजनिक नीतियों से ही संबंधित होता है। |
| (2) | प्रशासन का संबंध कार्यों को सम्पन्न कराने से है जिससे कि निर्धारित लक्ष्य पूर्ण हो सके। | (2) | लोक प्रशासन दोहरे स्वरूप वाला होता है यह अध्ययन, अध्यापन व अनुसंधान का शैक्षणिक विषय होने के अतिरिक्त, क्रियाशील विज्ञान भी है। |
| (3) | प्राय: प्रशासन एक क्रिया एवं प्रक्रिया दोनों है। | (3) | लोक प्रशासन नीति विज्ञान एवं प्रक्रिया है। |
| (4) | प्रशासन के अंतर्गत लोक प्रशासन एवं निजि प्रशासन दोनों समाविष्ट हैं। | (4) | लोक प्रशासन का संबंध 'सार्वजनिक' प्रशासन से है। |